कार्यालय–प्रभागीय वनाधिकारी,
तराई केन्द्रीय वन प्रभाग, रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)

उत्तराखण्ड राज्य

निकट विकास भवन रूद्रपुर, कोषागार, रूद्रपुर, उत्तराखण्ड। फोन व फैक्स–05944 250060, Email-dfotaraicentral@rediffmail.com

पत्रांक 946 /12-1 रूद्रपुर, दिनांक 06/10/.2022

सेवा में,

वन संरक्षक,
पश्चिमी वृत्त,
उत्तराखण्ड हल्द्वानी।

विषयः– **जनपद–नैनीताल के राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी के नियंत्रणधीन स्वामी राम कैंसर चिकित्सालय एवं अनुसंधान संस्थान हल्द्वानी का विस्तारीकरण करते हुए "राज्य कैंसर संस्थान" की स्थापना किये जाने हेतु 3.111 है0 (पूर्व में 4.25 है0) वन भूमि के हस्तान्तरण के सम्बन्ध में। (Online No. FP/UK/DISP/114282/2020)**

संदर्भ :– भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून की पत्र सं0 8बी/यू.सी.पी./09/21/2021/एफ.सी./1192 दिनांक 15.12.2021, अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, उत्तराखण्ड, देहरादून का पत्रांक 79/FP/UK/DISP/114282/2020 दिनांक 07.07.2022 एवं प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी (नैनीताल) का पत्रांक 2913/जीएमसी/एल–1/भूमि–3 दिनांक 28.09.2022।

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून की पत्र सं0 8बी/यू.सी.पी./09/21/2021/एफ.सी./1192 दिनांक 15.12.2021 एवं अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, उत्तराखण्ड, देहरादून का पत्रांक 79/FP/UK/DISP/114282/2020 दिनांक 07.07.2022 द्वारा लगाई गयी आपत्तियों के क्रम में प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा आपत्तियों का निराकरण कर अपने कार्यालय के पत्रांक 2913/जीएमसी/एल–1/भूमि–3 दिनांक 28.09.2022 से प्रतिउत्तर प्रस्तुत किया गया है। उक्त क्रम में सूचना निम्न प्रकार है–

- **प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा अवगत कराया गया है कि** प्रस्ताव संख्या–FP/UK/DISP/48845/2020 (4.0 है0), एवं FP/UK/DISP/48848/2020 (1.75 है0), के नियमितीकरण हेतु भारत सरकार से विधिवत् स्वीकृति प्राप्त (परन्तु राज्य सरकार के स्तर से विधिवत् स्वीकृति की कार्यवाही गतिमान है) हो गयी है, जबकि प्रस्ताव संख्या–FP/UK/ROAD/48706/2020 **(1.702 है0)**, के नियमितीकरण हेतु सैद्धान्तिक स्वीकृति के अनुपालन आख्या में वांछित क्षतिपूरक वृक्षारोपण, पैनल एन0पी0वी0, तथा एन0पी0वी0 की धनराशि जमा की जा चुकी है, जिसके परिपेक्ष्य में भारत सरकार द्वारा विधिवत स्वीकृति निकट भविष्य में प्रदान की जानी है।
- **प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा अवगत कराया गया है कि** प्रस्ताव संख्या–FP/UK/DISP/48848/2020 **(1.75 है0)** वन भूमि पर स्वामी राम कैंसर चिकित्सालय पूर्व से ही निर्मित व संचालित है, इसको राज्य कैंसर संस्थान के रूप में विस्तारीकृत करते हुए राज्य कैंसर संस्थान की स्थापना करने के लिए भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित परियोजना

Scanned with CamScanner

स्वीकृत की गयी है। इसलिए प्रस्ताव संख्या– FP/UK/DISP/48848/2020 (**1.75 है0**) वन भूमि से लगी हुई प्रस्तावित **3.111 है0** (पूर्व में **4.25 है0**) वन भूमि पर राज्य कैंसर संस्थान के द्वितीय चरण के निर्माण करने के उद्देश्य से वन भूमि हस्तान्तरण का ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या–FP/UK/DISP/114282/2020 (**3.111 है0 'पूर्व में 4.25 है0'**), "Upgradation of existing Swami Ram Cancer Hospital" के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

- **प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा अवगत कराया गया है कि** रेडियोथेरेपी बंकर भूमिगत् संरचना नहीं है। कैंसर के उपचार हेतु अतिविशिष्ट स्पेसिफिकेशन के आधार पर बंकर का निर्माण भूतल पर ही किया जाना प्रस्तावित है।
- **प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा अवगत कराया गया है कि** प्रस्ताव संख्या–FP/UK/DISP/114282/2020 (**3.111 है0 'पूर्व में 4.25 है0'**) में पूर्व में दर्शाये गये "Future Construction" एवं सम्बन्धित भूमि के भाग को हटाते हुए संशोधित ले–आऊट अपने कार्यालय के पूर्व पत्रांक 2749/जीएमसी/एल–1/भूमि, दिनांकित 28.09.2021 के माध्यम से **संलग्नक–01** में प्रेषित की गयी, जिसकी छायाप्रति पुनः सलग्न कर प्रेषित की जा रही है।
- **प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा अवगत कराया गया है कि** प्रस्ताव संख्या–FP/UK/DISP/114282/2020 (**3.111 है0 'पूर्व में 4.25 है0'**) की वन भूमि पर कुल 347 वृक्ष विद्यमान हैं, अपितु प्रस्तावित भवनों तथा आन्तरिक सड़क निर्माण के समय यह विशेष ध्यान रखा जायेगा कि अपरिहार्य वृक्षों का ही पातन किया जाये।

अतः राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी द्वारा 'राज्य कैंसर संस्थान' की स्थापना किये जाने हेतु 3.111 है0 (पूर्व में 4.25 है0) वन भूमि हस्तान्तरण समस्त संलग्नक के साथ आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किये जा रहे है।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(वैभव कुमार सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी,
तराई केन्द्रीय वन प्रभाग, रूद्रपुर

सं0* 946 / 12-1 *उक्तदिनांकित।

प्रतिलिपिः– प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज, हल्द्वानी महोदय को सूचनार्थ हेतु प्रेषित।

(वैभव कुमार सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी,
तराई केन्द्रीय वन प्रभाग, रूद्रपुर

Scanned with CamScanner